RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 08 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 80 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

## मुंबई : 18 जुलाई से हड़ताल पर जा सकती हैं 30 हजार नर्स



Page - 2

# मुंबई: 'फूट डालो और राज करो भाजपा की पुरानी चाल',

## आदित्य ठाकरे ने निशिकांत दुबे को लताड़ा...

**मुंबई: भाजपा सांसद निशिकांत दुबे हिंदी-मराठी विवाद पर टिप्पणी कर विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। विपक्षी नेताओं ने दुबे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक आदित्य ठाकरे ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लिया। आदित्य ने दुबे पर पलटवार करते हुए उनकी बेशर्म टिप्पणियों के जरिए लोगों को भाषाई आधार पर बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया।**



निशिकांत दुबे ने कथित तौर पर कहा था कि ''पटक-पटक के मारेंगे।'' गोड्डा के सांसद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हिंदी भाषी लोगों को मुंबई में मारने वाले यदि हिम्मत है तो महाराष्ट्र में उर्दू भाषियों को मार कर दिखाओ। अपने घर में तो कुत्ता भी शेर होता है? कौन कुत्ता कौन शेर खुद ही फैसला कर लो।''

**दुबे उत्तर भारतीयों का चेहरा नहीं**

आदित्य ने कहा कि दुबे उत्तर भारतीयों का चेहरा नहीं हैं। वह भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये टिप्पणियां मराठी और हिंदी भाषी लोगों को बांटने के इरादे से की गई हैं। ये भाजपा की रणनीति का हिस्सा हैं, जब कोई विवाद न हो तो उसे पैदा करना तथा फूट डालो और राज करो।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों से लोग अपने सपने पूरे करने के लिए महाराष्ट्र आते हैं और सौहार्दपूर्ण ढंग से रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे यहां खुशी-खुशी अपना कारोबार करते हैं। लेकिन कुछ तत्व अपने स्वार्थी एजेंडे के लिए महाराष्ट्र को जलाना चाहते हैं। आदित्य ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) हिंदी भाषा के खिलाफ नहीं है बल्कि उसका लक्ष्य महाराष्ट्र पर हिंदी भाषा थोपने के भाजपा के कदम का विरोध जताना है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रवक्ता आनंद दुबे भी उत्तर भारत से हैं।

# कबूतरों का दाना पानी बंद करेगी बीएमसी

## लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत

**मुंबई: शांति के प्रतीक कहे जाने वाले कबूतरों को अब शहर से बेदखल किया जायेगा। सांस की बीमारियों के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए बीएमसी अनाधिकृत तौर पर चल रहे कबूतर खाने को बंद करेगी। विधान परिषद में मुंबई में कबूतरखानों से फैल रही बिमारियों के मुद्दे पर सरकार के निर्देश के बाद बीएमसी ने कई कबूतरखानों के अतिक्रमण पर कार्यवाई करते हुए अनाधिकृत तौर पर चल रहे कबूतरखानों को तोड़ दिया। कबूतरखानों से आसपास रहने वाले निवासियों में सांस संबंधी बीमारी बढ़ रही है।**



कबूतरों की बीट और पंखों के कारण अस्थमा और फेफड़ों की बीमारियों के साथ साथ त्वचा रोगों जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कबूतरों के नजदीक रहने वाले लोगों में हाइपरसेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस जैसी बीमारी भी हो रही है। मुंबई में करीब 51 कबूतरखानों को बीएमसी ने आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी है, लेकिन 500 से अधिक स्थानों पर अनाधिकृत तौर पर कबूतरखाना चलाया जा रहा है। बीएमसी ने अनाधिकृत तौर पर कबूतरों को दाना खिलाने वाले जगहों को चिन्हित कर उन्हें तोड़ रही है। बीएमसी ने दादर कबूतर खाने में अस्थायी शेड और बाड़ को हटा दिया और कबूतरों के चारे की करीब 25 बोरियां जब्त की। कबूतरखाना प्रबंधन की ओर से परिसर में कबूतरों का चारा रखने के लिए शेड लगाया था।

**15 लाख कबूतरों के दाना का खर्चा**

बता दें इस कबूतरखाना में प्रतिदिन एक लाख से अधिक कबूतर दाना चुगने के लिए आते हैं। इन कबूतरों को प्रतिदिन 50 हजार रुपये का दाना खिलाया जाता है। भुना चना, बाजरी, ज्वार आदि अनाज की करीब 60 बोरी रोज की खपत है। इस कबूतरखाना का वार्षिक बजट 1 करोड़ 80 लाख रुपए है। करीब 15 लाख रुपये महीने इन कबूतरों के

# मेट्रो लाइन-1 पर सेवा बाधित, घाटकोपर स्टेशन पर उमड़ी भीड़; यात्री बोले- भगदड़ जैसे थे हालात

**मुंबई :** मुंबई मेट्रो लाइन-1 (वसोर्वा-अंधेरी-घाटकोपर) पर सोमवार सुबह ट्रेन सेवा बाधित होने के कारण घाटकोपर मेट्रो स्टेशन पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की और इस स्थिति को भयावह बताया। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 8:30 बजे एक मेट्रो ट्रेन तकनीकी खराबी के कारण तय स्पीड तक नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते उसे सेवा से हटा दिया गया। इसके चलते अन्य ट्रेनों पर दबाव बढ़ गया और घाटकोपर स्टेशन पर एक साथ 500 से ज्यादा यात्री इकट्ठा हो गए।



**यात्रियों का गुस्सा फूटा**

एक यात्री करण जैन ने एक्स पर लिखा, 'मुंबई मेट्रो में क्या हम कोई हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं? 11 वर्षों में भी कोच की संख्या नहीं बढ़ी। ये रुकावट चौंकाने वाली है।' वहीं, अंधेरी लोखंडवाला ओशिवरा सिटिजन एसोसिएशन ने राज्य सरकार और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए कहा, 'घाटकोपर स्टेशन पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मेट्रो लाइन-1 को छह कोच वाली रेक और तीन गुना ट्रेनों की जरूरत है।' एक अन्य यात्री शेखर साल्वी ने कहा, 'चार कोच की ट्रेनें पीक ऑवर की भीड़ को संभाल नहीं सकतीं। सुरक्षा खतरे में है, लाभ कमाने की सोच को आम जनता की जरूरतों से ऊपर नहीं रखा जा सकता।'

**मेट्रो ऑपरेटर का बयान**

मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट लिमिटेड (एमएमओपीएल) ने कहा कि पीक ऑवर के दौरान कुल 36 ट्रेनें चलाई जाती हैं जिनकी आवृत्ति 3 मिनट 20 सेकंड होती है। एक ट्रेन हटने से करीब 1,750 यात्रियों की क्षमता घट जाती है। उन्होंने बताया कि हॉट-स्टैंडबाय ट्रेनों के जरिए सेवाओं की भरपाई की जाती है, और संचालन को बेहतर करने के लिए ट्रेन स्पीड और सेवा फ्रीक्वेंसी बढ़ाने पर भी काम हो रहा है।

**क्या है भविष्य की योजना?**

पीक आवर्स में घाटकोपर से अंधेरी तक शॉर्ट-लूप सेवाओं को फिर से शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नए कोच खरीदने के लिए फंडिंग प्रस्ताव नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) और इंडिया डेब्ट रेजोल्यूशन कंपनी लिमिटेड (आईडीआरसीएल) को भेजा गया है।

# मुंबई पुलिस को बड़ा झटका!

## धोखाधड़ी के आरोपी की गिरफ्तारी को विशेष अदालत ने बताया गैरकानूनी...

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को उस समय बड़ा झटका लगा जब एक विशेष अदालत ने कोलकाता से लाए गए धोखाधड़ी के आरोपी की गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार दिया। बिजनेसमैन शैलेशकुमार पांडे को कोलकाता की जेल से मुंबई लाया गया था, जहां वह एक अन्य मामले में बंद थे। पुलिस का दावा था कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों को हर महीने 5-15% रिटर्न का झांसा देकर निवेश करवाया और 17-18 फर्जी कंपनियों के जरिए पैसों को इधर-उधर किया।




**आर्थिक अपराध शाखा ने क्या-क्या लगाए थे आरोप?**

ईओडब्ल्यू ने कहा कि आरोपी ने करीब 200 बैंक खाते खुलवाने में मदद की और 18-20 करोड़ रुपये की कमाई की। इसलिए पुलिस को उसकी हिरासत चाहिए थी। लेकिन विशेष न्यायाधीश एन.जी. शुक्ला ने यह कहते हुए पुलिस की मांग खारिज कर दी कि आरोपी को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर कोर्ट में पेश नहीं किया गया, जो कि कानून के खिलाफ है। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपी की हिरासत की आवश्यकता उससे उक्त राशि के निपटान के बारे में पूछताछ करने के लिए थी। मामले में विशेष न्यायाधीश शुक्ला ने हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि गिरफ्तारी का समय वह समय माना जाता है जब आरोपी को शारीरिक हिरासत में लिया जाता है, न कि गिरफ्तारी ज्ञापन तैयार होने का समय।

# संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## भारत के तीन दुश्मन...

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक महत्वपूर्ण पक्ष का रहस्योद्घाटन किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष संघर्ष लड़ा था, लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के 'प्रत्यक्ष दुश्मन' की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा कीं। चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलों सहित, मौजूद है और कभी भी हमला कर सकता है। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को 'लाइव लैब' की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है। भारत पहले उसे हटा कर पीछे करे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी महीन और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की प्राचीन सैन्य रणनीति '36 स्ट्रैटेजम्स' में से एक थी। इसके मायने हैं-'किराए की छुरी से वार करना।' अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को 'किराए की छुरी' के तौर पर इस्तेमाल किया। इस तरह 'ऑपरेशन सिंदूर' संघर्ष के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों-पाकिस्तान, चीन, तुर्किए-पर लड[illegible]ा पड़ा। ये तीनों ही देश 'भारत के दुश्मन' साबित हुए और भविष्य में भारत का विरोध करते रहेंगे, यह बिल्कुल तय है। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी। सेना ऐसा कर भी रही है। पाकिस्तान के पास जो हथियार, विमान हैं, उनमें से करीब 81 फीसदी चीन ने उसे बेचे अथवा उधार पर मुहैया कराए हैं। तुर्किए ने पाकिस्तान को आधुनिक ड्रोन ही नहीं दिए, बल्कि उसके लड़ाकों और पायलटों ने भी पाकिस्तान की ओर से संघर्ष में शिरकत की, लेकिन न तो चीन और न ही तुर्किए संघर्ष की दशा और दिशा बदल सके। भारत के हवाई हमलों ने चीन की मिसाइलें और तुर्किए के ड्रोन, हवा में ही, चकनाचूर कर दिए। पाकिस्तान के जितने एयरबेस और उधार के लड़ाकू विमानों को हमारी सेना ने 'मिट्टी-मलबा' किया, उसके खुलासे दुनिया के सामने हैं।

पाकिस्तान सैन्य रूप से कब तक हमलावर की स्थिति में लौट पाएगा, इसमें सालों भी लग सकते हैं। उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन 'फिक्की' के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? क्या निवेश का आह्वान किया जाना था? उप सेना प्रमुख ने ही लगभग दो माह बाद यह रहस्योद्घाटन क्यों किया? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया? कई सवाल हैं।


editor@rokthoklekhani.com

+91 9987775650

Faisal Shaikh @faisalrokthok




ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani


# ठाणे में गीले कचरे से बनेगी 500 टन बायोगैस,

## मनपा की ऐतिहासिक परियोजना को मंजूरी

**ठाणे :** ठाणे मनपा ने गीले कचरे से हर दिन 500 टन बायोगैस उत्पादन की महत्वाकांक्षी परियोजना को हरी झंडी दिखा दी है। हाल ही में हुई प्रशासनिक आमसभा में इस योजना को मंजूरी दी गई। परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (ढढढ) मॉडल पर अटकोली (भिवंडी) क्षेत्र में 15 एकड़ जमीन पर स्थापित किया जाएगा। इस योजना की खास बात यह है कि मनपा को इसके निर्माण पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ेगा और प्रकल्प से मिलने वाली रॉयल्टी से मनपा की आय भी होगी।



बता दें कि ठाणे मनपा के अनुसार, ठाणे शहर में प्रतिदिन करीब 1200 मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत गीला कचरा होता है। फिलहाल मनपा 5-5 टन क्षमता वाली 16 विकेंद्रीकृत खाद परियोजनाओं के जरिए करीब 80 टन गीले कचरे का निपटान कर रहा है।

बढ़ती आबादी और शहरीकरण को देखते हुए गीले कचरे के स्थायी समाधान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए अब 500 टन प्रतिदिन क्षमता वाली बायोगैस परियोजना शुरू की जा रही है। अटकोली डंपिंग ग्राउंड में पहले से ही 32 हेक्टेयर क्षेत्र में कचरा डाला जाता है। इसी स्थान पर यह नई परियोजना 20 वर्षों के लिए स्थापित की जाएगी। ठेकेदार को जमीन मात्र एक रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से दी जाएगी। यदि वह निर्धारित समय सीमा यानी एक वर्ष में प्रकल्प को तैयार नहीं कर पाता तो मनपा उसके ऊपर अधिकार कर लेगी। साथ ही, यदि मनपा को प्रतिदिन 300 टन गीला कचरा नहीं मिलता, तो ठेकेदार को पास की ग्राम पंचायत या अन्य निकायों से कचरा लाने की अनुमति दी जाएगी।

### मनपा को होगा आर्थिक लाभ

इस प्रकल्प से उत्पादित बायोगैस की बिक्री से मनपा को रॉयल्टी के रूप में लाभ मिलेगा। साथ ही, यह परियोजना स्वच्छ भारत मिशन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम होगी। मनपा की यह पहल न केवल कचरा निपटान की बड़ी चुनौती को सुलझाएगी, बल्कि शहर को स्वच्छ, हरित और ऊर्जा-सक्षम बनाने में भी सहायक साबित होगी।

# मुंबई : 18 जुलाई से हड़ताल पर जा सकती हैं 30 हजार नर्स

## वर्तमान में संचालित अस्पतालों में नर्सों के 50 प्रतिशत पद रिक्त...




**मुंबई :** सरकार द्वारा संविदा के आधार पर की जा रही नर्सों की नियुक्त और सातवें वेतन आयोग के क्रियान्वयन की अनदेखी का आरोप लगाते हुए राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में कार्यरत करीब 30 हजार नर्सों ने 18 जुलाई से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। अगर नर्सें हड़ताल पर जाती हैं तो राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है। मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में आम तौर पर 500 नर्सों की आवश्यकता होती है। वर्तमान में संचालित अस्पतालों में नर्सों के 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इसके कारण नर्सों पर काम का अतिरिक्त दबाव है। हालांकि सरकार इन पदों को भरने की अनदेखी कर रही है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा पिछले साल शुरू किए गए 10 नए मेडिकल कॉलेजों में पदों को भरने के बजाय संविदा के आधार पर नर्सों की नियुक्ति की गई है। इसलिए महाराष्ट्र राज्य नर्स एसोसिएशन नर्सों को संविदा के आधार पर नियुक्त करने के सरकार के फैसले का विरोध करेगी। वहीं सातवें वेतन आयोग को लेकर बख्शी और मुकेश खुल्लर नामक दो समितियों का गठन किया गया था। नर्स संगठनों ने दोनों समितियों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए थे।

# मीरारोड : होटल में बनाया अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल;

## काशिगांव पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**मीरारोड :** घोडबंदर रोड स्थित पाली विलेज होटल एंड रिसॉर्ट के एक कमरे में अश्लील वीडियो शूट कर उसे ऑनलाइन पोर्न साइट पर अपलोड करने के मामले में काशिमीरा पुलिस ने एक दंपति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक सतर्क नागरिक द्वारा भेजी गई लिंक के आधार पर की गई, जिसमें उक्त वीडियो की शूटिंग इसी होटल में होने की जानकारी सामने आई थी। शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर हाउस ओनर सेडयूसेस हिस टेनेंट नामक अश्लील वीडियो की लिंक प्राप्त हुई थी। वीडियो खोलने पर उसमें पाली विलेज होटल का कमरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था, जिसमें तीन पुरुष और एक महिला शारीरिक संबंध बनाते नजर आ रहे थे। यह वीडियो सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर समाज में गलत संदेश फैलाया जा



रहा था। शिकायत के बाद काशिगांव पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 294(2), 296(ए) तथा आईटी एक्ट की धारा 57, 67 (ए) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच में तकनीकी सहायता के लिए साइबर विशेषज्ञ पुष्कर झांटये की मदद ली गई। तांत्रिक विश्लेषण के बाद पुलिस ने गोरेगांव पश्चिम स्थित वैभव सोसायटी से आरोपी दंपति दिपांकर पारितोष खामनवीस (43) और बारिमा उर्फ रोला खान उर्फ आलीशा खान (46) को 1 मई को गिरफ्तार किया।

# मुंबई : कोकीन के साथ नाइजेरियन गिरफ्तार; बिना किसी वैध पासपोर्ट के मुंबई में रह रहा था

**मुंबई :** नशा निरोधी कक्ष (एएनसी) वर्ली यूनिट ने एक विदेशी नागरिक को मुंबई के मालाड इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 200 ग्राम कोकीन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग दो करोड़ बताई जा रही है। मामले में एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 8 (क) सह 21 (क) और विदेशी नागरिक अधिनियम 1946 की धारा



14अ (ब) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएनसी की टीम ने जेपी कॉलोनी, ऑरलेम, मार्वे रोड, मालाड इलाके में एक संदिग्ध विदेशी व्यक्ति को पकड़ा और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से कोकीन बरामद हुई। इसके अलावा 5 लाख की होंडा सिविक कार और 70,000 रुपये के तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किये गए आरोपी का नाम फ्रैंक नेन्डी (43) है, जो भारत में बिना वैध दस्तावेजों के रह रहा था।

## रायगढ़ जिले में रेवदंडा तट के पास देखी गई एक संदिग्ध नाव

**रायगढ़ :** पुलिस और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में रेवदंडा तट के पास देखी गई एक संदिग्ध नाव, ''संभवतः एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव'' की तलाश तेज कर दी है, अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नाव को भारतीय नौसेना के रडार पर रविवार रात को रेवदंडा में कोरलाई तट से लगभग दो समुद्री मील दूर देखा गया था।

अधिकारी ने कहा कि यह ''संभवतः एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव'' थी, लेकिन नाव को रोके जाने के बाद पहचान और अन्य विवरण का पता लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने पहले कहा था कि प्रथम दृष्टया नाव के रायगढ़ तट की ओर बहने का संदेह है। नाव देखे जाने के बाद रायगढ़ में तटरेखा के किनारे सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

## मुंबई : दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के मोबाइल नंबर को नियंत्रण में लेने की कोशिश करने के आरोप में दिल्ली से व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के मोबाइल नंबर को धोखाधड़ी से अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश करने के आरोप में दिल्ली से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो उनके परिवार के कारोबार से जुड़ा हुआ है। आरोपी की पहचान विवेक सबरवाल के रूप में हुई है, जिसे दिल्ली के बुराड़ी इलाके से गिरफ्तार किया गया और आगे की जांच के लिए मुंबई लाया गया। अधिकारियों के अनुसार, सबरवाल ने साइबर धोखाधड़ी के लिए इसका इस्तेमाल करने के इरादे से एक नए सिम कार्ड पर सिद्दीकी के फोन नंबर को फिर से सक्रिय करने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि आरोपी का साइबर अपराध का इतिहास रहा है, उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

जब उसने इस नवीनतम धोखाधड़ी का प्रयास किया, तब वह ऐसे ही एक मामले में जमानत पर बाहर था। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें धोखाधड़ी, अपराध का प्रयास, जालसाजी, रिकॉर्ड का निर्माण और जाली इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को असली के रूप में इस्तेमाल करने से संबंधित प्रावधान शामिल हैं। अधिकारियों को संदेह है कि सबरावल का उद्देश्य वित्तीय या डिजिटल घोटालों के लिए नंबर का दुरुपयोग करना था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब सिद्दीकी



की बेटी अर्शिया सिद्दीकी ने मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई। उसने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी से उसके दिवंगत पिता के मोबाइल नंबर के लिए ''अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता'' बनने का प्रयास किया, जो सक्रिय है और परिवार के व्यावसायिक हितों से जुड़ा हुआ है, जिसमें जीयर्स बिजनेस इंडिया एलएलपी और फ्लेवर फूड वेंचर के नाम से उनके द्वारा चलाया जाने वाला एक खाद्य उद्यम शामिल है।

पुलिस ने कहा कि जालसाज ने बाबा सिद्दीकी की पत्नी शहजीन सिद्दीकी के नाम से एक फर्जी ईमेल आईडी बनाई थी और इसका इस्तेमाल वोडाफोन से संपर्क करने के लिए किया था ताकि मोबाइल नंबर पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की स्थिति के बारे में पता लगाया जा सके। इससे भी अधिक परेशान करने वाली बात यह है कि व्यक्ति ने धोखाधड़ी के अनुरोध का समर्थन करने के लिए शाहजीन सिद्दीकी के व्यक्तिगत दस्तावेजों - जिसमें आधार, पैन कार्ड, जीएसटी विवरण और कंपनी का लेटरहेड शामिल है - तक पहुँच बनाई। शिकायतकर्ता ने मुंबई पुलिस से फर्जी ईमेल आईडी की उत्पत्ति का पता लगाने और अनुरोध में सूचीबद्ध नंबर से जुड़े कॉल डेटा रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण करने का आग्रह किया है, जिसमें बाबा सिद्दीकी की अचानक मौत में शामिल व्यक्तियों के साथ संभावित संबंध की आशंका जताई गई है। मुंबई पुलिस ने कहा है कि डिजिटल साक्ष्य के इलेक्ट्रॉनिक और फोरेंसिक विश्लेषण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, और अगर व्यापक साजिश के संबंध स्थापित होते हैं तो और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर, 2024 को मुंबई के बांद्रा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## घोड़बंदर रोड पर गड्ढों के कारण वाहनों की कतारें...

## गड्ढे भरने के लिए कांग्रेस का प्रदर्शन

**ठाणे:** घोड़बंदर रोड पर कासरवडवली इलाके में सड़क पर गड्ढे होने के कारण रविवार दोपहर वाहन चालकों और यात्रियों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। कासरवडवली से डोंगरीपाड़ा तक वाहनों की कतारें लग गई। इसके कारण ठाणे से घोड़बंदर की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशानी हुई। महज पांच मिनट की दूरी तय करने में वाहन चालकों को आधे घंटे का समय लग रहा था। इस बीच, घोड़बंदर रोड पर गड्ढों के कारण कांग्रेस ने गड्ढे भरने और पैसे मांगने के लिए प्रदर्शन किया।



घोड़बंदर रोड पर कासरवडवली में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे यहां की परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। रविवार को गड्ढों और बारिश के कारण कासरवडवली से डोंगरीपाड़ा तक वाहनों की कतारें लग गईं। इस कारण ठाणे, भिवंडी से घोड़बंदर, बोरीवली, वसई-विरार, मीरा भयंदर, गुजरात की ओर जाने वाले वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानी हुई। यहां यातायात धीमा होने के कारण वाहन चालकों को महज पांच मिनट की दूरी तय करने में कम से कम आधा घंटा लग गया। घोड़बंदर के कासरवडवली, आनंदनगर इलाके शहरीकृत हैं। इसलिए काम के लिए बाहर निकले नागरिकों को भी जाम का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से घोड़बंदर इलाके में मेट्रो के काम और गड्ढों के कारण यातायात जाम लगना शुरू हो गया है। रविवार को भी यात्री जाम के कारण अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे थे। इस बीच, कांग्रेस ने घोड़बंदर रोड पर गड्ढों को भरने और भीख मांगकर विरोध प्रदर्शन किया।

## ठाणे पुलिस ने ट्रैफिक जाम की शिकायत के लिए हेल्पलाइन शुरू की

**ठाणे :** पिछले कुछ दिनों से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से नागरिक परेशान हैं। ठाणे पुलिस ने ट्रैफिक समस्या के मामले में नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबरों की घोषणा की है। ठाणे पुलिस ने बताया कि ट्रैफिक शाखा के 18 उप-विभागों के लिए 18 नंबर प्रसारित किए गए हैं। ठाणे शहर में चल रहे विभिन्न परियोजनाओं के काम और गड्ढों के कारण होने वाली ट्रैफिक जाम की समस्या से नागरिक परेशान हैं। घोड़बंदर, मुंबई नासिक हाईवे, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर रोजाना ट्रैफिक जाम होता है। ट्रैफिक की कोई भी समस्या होने पर नागरिक सोशल मीडिया के जरिए पुलिस से संपर्क करते हैं। लेकिन अब ठाणे पुलिस ने ठाणे से बदलापुर और भिवंडी शहर के 18 उप-विभागों के लिए 18 हेल्पलाइन नंबरों की घोषणा की है।

## नवी मुंबई : एपीएमसी बाजार के गोदाम में भीषण आग

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के तुर्भे सेक्टर 20 में कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) बाजार से सटे ट्रक पार्किंग क्षेत्र में स्थित एक गोदाम में देर रात भीषण आग लग गई । भीषण आग के कारण क्षेत्र में कई वाहनों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाना शुरू किया। दृश्यों में दिखाया गया कि आग ने टर्मिनल को अपनी चपेट में ले लिया और टर्मिनल में खड़े वाहन राख में बदल गए। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं मिली है। मामले पर आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

## ठाणे : निर्माण स्थल पर किशोरी का शव लटका हुआ पाया गया

**ठाणे :** पुलिस ने सोमवार को बताया कि 5 जुलाई को महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक निर्माण स्थल पर एक किशोरी का शव लटका हुआ पाया गया । ठाणे पुलिस के अनुसार , एक टीम ने जांच शुरू कर दी है और मृतक की पहचान का पता लगाने के लिए भी काम कर रही है। ठाणे पुलिस ने कहा, '' 5 जुलाई को ठाणे जिले में एक निर्माण स्थल पर एक किशोरी का शव लटका हुआ पाया गया। पुलिस की एक टीम मामले की जांच कर रही है और मृतका की पहचान का पता लगाने की भी कोशिश कर रही है।'' मामले में आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

## शाहपुर: भारंगी नदी में डूबे युवक का शव चार दिन बाद मिला

**शाहपुर:** आसनगांव में भारंगी नदी में डूबे युवक सार्थक कोली का शव चार दिन बाद खोजी दल ने बरामद कर लिया। इस बीच, स्थानीय प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को शाहपुर में भारंगी नदी में डूबे 90 वर्षीय व्यक्ति की तलाश अभी भी जारी है। कल्याण निवासी सार्थक कोली (17) डिप्लोमा के दूसरे शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश लेने के लिए बुधवार को जोंधले कॉलेज आया था। हालांकि, प्रवेश प्रक्रिया के लिए समय होने के कारण वह अपने दोस्तों के साथ आसनगांव में भारंगी नदी में तैरने चला गया



था। जलस्तर का अनुमान नहीं होने के कारण सार्थक पानी में डूब गया। शुक्रवार को कलंभे निवासी दत्तात्रेय रोकड़े (90) शाहपुर के पास बहने वाली भारंगी नदी में डूब गए। इस बीच, सम्राट राधा (21) माहुली किले के तल पर झरने के नीचे नहर में डूब गए क्योंकि जलस्तर का अनुमान नहीं था। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उनका शव बाहर निकाला गया। हालांकि सार्थक और दत्तात्रेय के शवों की तलाश जारी है। सार्थक का शव चार दिन बाद शनिवार को मिला। जबकि दत्तात्रेय रोकड़े की तलाश अभी भी जारी है, शाहपुर पुलिस ने बताया। इन तीनों घटनाओं से इलाके में हड़कंप मच गया है।

## मुंबई : मानसून के जल्दी आने के कारण भारत के पहले मैंग्रोव पार्क के उद्घाटन में देरी

**मुंबई :** गोराई में स्थित भारत के पहले मैंग्रोव पार्क के उद्घाटन में देरी हो गई है। पार्क को अगले महीने खोला जाना था, लेकिन मानसून के जल्दी आने के कारण अंतिम चरण के काम में देरी हो गई है। 8 हेक्टेयर के मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर



बहुप्रतीक्षित 0.6675 हेक्टेयर पार्क, 33.43 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है। इसका उद्देश्य मैंग्रोव और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र में पाई जाने वाली महत्वपूर्ण जैव विविधता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। ''टिकट काउंटर का काम बाकी है और पेंटिंग, रेलिंग लाइटिंग आदि जैसे कुछ फिनिशिंग कार्य चल रहे हैं। हालांकि, मानसून के चरम पर होने के कारण काम धीमी गति से चल रहा है। केवल थोड़ा सा काम बाकी है, जिसके इस महीने पूरा होने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा लगता है कि इसमें थोड़ी देरी होगी,'' वन विभाग के एक अधिकारी ने कहा। हालांकि, अधिकारियों को उम्मीद है कि मानसून के बाद पार्क पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और आम जनता के लिए खुल जाएगा।

# वसई : भारी बारिश के कारण पंढरतारा पुल डूबा...



**वसई :** पिछले दो दिनों से वसई विरार शहर में हो रही भारी बारिश के कारण वसई पूर्व में तानसा नदी पर बना पंढरतारा पुल डूब गया है। इसके कारण आसपास के गांवों और पाड्या बस्तियों का संपर्क टूट गया है और यहां के नागरिकों को अब 10 से 12 किलोमीटर का चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। वसई पूर्व में भटाणे, नवसाई, अडाणे, थल्याचापाड़ा और अन्य 20 से 25 पाड्या और बस्तियों में रहने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए तानसा नदी पर पुल बनाया गया है। पुल की ऊंचाई अधिक नहीं होने के कारण यह पुल हर साल मानसून के दौरान डूब जाता है। पिछले दो दिनों से वसई में बारिश जोरों पर है। इसके कारण तानसा नदी का तल उफान पर आकर बहने लगा है। इस बढ़ते जल प्रवाह के कारण यह पानी सीधे पंढरतारा पुल के ऊपर से बहने लगा है और यह पुल इस साल तीसरी बार डूबा है। इसके कारण इस पुल पर यातायात और यात्रा पूरी तरह से बंद हो गई है। आसपास के गांवों के साथ वज्रेश्वरी की ओर जाने वाले नागरिक इस मार्ग का उपयोग पास की सड़क के रूप में करते हैं। अब जब पानी पुल तक ही पहुंच गया है, तो यहां रहने वाले नागरिकों को 10 से 12 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा, ऐसा यहां के नागरिकों ने कहा है। दो धाराओं में बहने वाली तानसा नदी अपने किनारों से बहने लगी थी। इसके कारण तानसा खाड़ी पर बना खानिवड़े बांध भी पानी में डूब गया। यहां के किसानों ने कहा है कि चांदीप, नवसाई, शिवनसाई, परोल, शिरावली, खानिवड़े, कोपर इलाकों में नदी के किनारे के खेतों में पानी घुस गया है।

# नालासोपारा : मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, जलजमाव ने बढ़ाई मुसीबतें

**नालासोपारा :** वसई-विरार क्षेत्र में शनिवार रात से शुरू हुई रुक-रुक कर तेज बारिश ने पूरे शहर का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया। देर रात से लेकर रविवार तक कभी तेज तो कभी रुक-रुक कर हुई बारिश के चलते नालासोपारा, वसई और विरार के कई इलाकों में भारी जलजमाव की स्थिति बन गई, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



**सड़कों पर जलसागर, यातायात प्रभावित**

रविवार दोपहर करीब 3:45 बजे तक नालासोपारा पूर्व के नागिन दास पाड़ा, विजय नगर, तुलिंज ब्रिज, गालानगर सहित कई इलाकों में सड़कें पूरी तरह पानी में डूब गईं। जलजमाव के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं पैदल चलने वाले लोग भी कीचड़ और पानी से जूझते नजर आए। जगह-जगह सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भरने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रही।

**अस्पताल पहुंचना बना चुनौतीपूर्ण कार्य**

सबसे चिंताजनक स्थिति नालासोपारा पूर्व स्थित वसई विरार महानगरपालिका अस्पताल (विजयनगर) के पास देखने को मिली, जहां आसपास की सड़कें पूरी तरह पानी में डूबी हुई हैं। इससे अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग**

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि हर साल बारिश के साथ यही स्थिति पैदा होती है, लेकिन प्रशासन समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं करता। लोगों ने महानगरपालिका से गुहार लगाई है कि जलभराव वाले क्षेत्रों में त्वरित पंपिंग और निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि सामान्य जनजीवन बहाल हो सके। प्रशासन ने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, विशेषकर जलजमाव वाले क्षेत्रों से दूर रहने को कहा गया है।

# गला घोंटकर हत्या; युवती का शव सुनसान जगह पर मिला...



**ठाणे:** घोड़बंदर के वाघबिल इलाके में एक युवती का शव सुनसान जगह पर मिला. प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है और कासरवडावली पुलिस उसकी पहचान के प्रयास कर रही है. कासरवडावली पुलिस की एक टीम वाघबिल के शेनडोबा मंदिर क्षेत्र में गश्त कर रही थी. उस समय स्थानीय लोगों ने पुलिस को रोका और उन्हें सूचना दी कि वहां एक महिला का शव है.

जब टीम मौके पर गई तो वाघबिल जूना रोड इलाके में एक सुनसान जगह पर 16 से 18 साल की एक लड़की का शव मिला. उसके गले में भी कपड़े से लपेटा हुआ था. प्रारंभिक जांच में पता चला कि महिला की हत्या की गई है, पुलिस ने महिला की तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित की.

# मुंबई के सहार में मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार होटल का शेफ पुलिस लॉकअप में कैस लगाई फांसी



**मुंबई :** मुंबई में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए 26 वर्षीय व्यक्ति ने सहार पुलिस स्टेशन के लॉकअप में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. जिसके बाद अब इस पूरे मामले की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है. मृतक की पहचान अंकित राय के रूप में हुई है, जो एयरपोर्ट इलाके में स्थित एक होटल में शेफ के तौर पर काम करता था, वह चार-पांच दोस्तों के साथ एक आवास में रहता था. अंकित को सहार पुलिस स्टेशन ने बीती रात चोरी के मामले में गिरफ्तार किया और आज कोर्ट में पेश किया गया था जहां कोर्ट ने 9 जुलाई तक पुलिस कस्टडी ने भेज दिया था, जिसके बाद आज दुपहर ने अंकित ने टायलेट के रुम में आत्महत्या कर लिया.

# पुणे रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को कथित तौर पर अपवित्र करने का प्रयास






**पुणे :** रविवार देर रात एक व्यक्ति ने पुणे रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को कथित तौर पर अपवित्र करने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार , आरोपी की पहचान सूरज शुक्ला के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश का निवासी है और उसके मानसिक रूप से अस्थिर होने का संदेह है। कथित तौर पर उसे स्टेशन परिसर में स्थित मूर्ति को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में एक धारदार औजार का इस्तेमाल करते देखा गया । हालांकि, उसके प्रयास के दौरान, स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया, उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया ।

पुलिस उपायुक्त (जोन 2) मिलिंद मोहिते ने कहा, ह्रसदिंध मानसिक रूप से अस्थिर माना जा रहा है, जो हाल ही में अपनी बहन की मौत के बाद से परेशान है। प्रारंभिक रिपोर्ट में मनोवैज्ञानिक संकट का संकेत मिलता है, लेकिन हम सभी पहलुओं की गहन जांच कर रहे हैं।'' इस घटना की कांग्रेस पार्टी ने कड़ी निंदा की और उसकी नगर इकाई ने घटनास्थल पर विरोध प्रदर्शन किया। पुणे शहर अध्यक्ष अरविंद शिंदे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस शहर अध्यक्ष अरविंद शिंदे ने घटना की निंदा करते हुए इसे शांति और अहिंसा के राष्ट्रीय प्रतीक के खिलाफ अपमानजनक कृत्य बताया। घटना के मद्देनजर प्रतिमा के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सख्त कानून बनाने को भी कहा।

# मुंबई दंगों का आरोपी ३२ साल बाद गिरफ्तार.. वडाला पुलिस का प्रदर्शन



**मुंबई :** वडाला पुलिस स्टेशन ने 32 साल बाद मार्च 1993 को मुंबई में भड़के सांप्रदायिक दंगों के एक भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया था। उसके बाद, 1993 में मुंबई में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे थे। उस दंगे के एक आरोपी आरिफ अली हशमुल्लाह खान (वर्तमान में 54 वर्ष) पर वडाला पुलिस स्टेशन में धारा 141, 143, 145, 146, 147, 149, 150 और धारा 307 के तहत हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, वह तब से फरार था। पुलिस ने उसकी पूरी तरह से तलाश की थी। वह अपनी पहचान छिपा रहा था और पुलिस को झूठी जानकारी दे रहा था।

इस बीच, बंदर सर्किल के पुलिस उपायुक्त विजयकांत सागर ने पुलिस को पुराने मामले में फरार आरोपियों की तलाश करने का आदेश दिया था। तदनुसार, इस मामले में एक नई जांच शुरू की गई थी। वडाला पुलिस ने आरोपी आरिफ खान के उत्तर प्रदेश स्थित पैतृक गांव में जाकर तलाशी ली थी। वहां से पुलिस को कुछ प्रारंभिक जानकारी मिली थी। उसके आधार पर जब तकनीकी जांच की गई तो पता चला कि आरोपी मुंबई के एंटॉप हिल में एक झोपड़पट्टी इलाके में रह रहा है। इसके अनुसार पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम को इनाम इस मामले की जांच वरिष्ठों के मार्गदर्शन में वडाला पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुदर्शन होनवादजकर की टीम ने की। 32 साल बाद बिना किसी लिंक के आरोपी को खोजने के लिए पुलिस उपायुक्त ने वडाला पुलिस स्टेशन की टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com